# छत्तीसगढ़ विधानसभा

## पत्रक भाग - एक

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## सोमवार, दिनांक 5 जनवरी, 2009

## (पौष - 15, शक संवत् 1930)

विधान सभा पूर्वाह्न 12.00 बजे समवेत हुई ।

**(सामयिक अध्यक्ष महोदय (श्री बोधराम कंवर)पीठासीन हुए ।)**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन में **वन्दे मातरम्** की धुन बजाई गई ।

### 2.तृतीय विधान सभा के सदस्यों का स्वागत तथा एक मिनट का मौन

सामयिक अध्यक्ष महोदय ने तृतीय विधान सभा के सदस्यों का स्वागत किया तथा कार्यवाही प्रारंभ करने के पूर्व स्थापित परंपरानुसार सदन द्वारा खड़े होकर एक मिनट का मौन धारण किया गया ।

### 3.छत्तीसगढ़ की तृतीय विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची का पटल पर रखा जाना

सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी की गई अधिसूचना, जिसमें विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे सदस्यों की सूची दी गई है, पटल पर रखी गई ।

### 4.सभापति तालिका की घोषणा

सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट किया गया :-

1. श्री बद्रीधर दीवान
2. श्री धर्मजीत सिंह
3. श्री नारायण प्रसाद चंदेल
4. डॉ. शक्राजीत नायक

## 5.शपथ ग्रहण

सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि - परंपरानुसार माननीय मुख्यमंत्री, जो सदन के नेता हैं, शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे । तत्पश्चात् प्रतिपक्ष दल के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्य, संसदीय सचिव, सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट सदस्यगण शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे । इनके बाद शेष माननीय सदस्यगण सचिव, विधान सभा द्वारा क्रमशः नाम पुकारे जाने पर निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक के अनुसार मेरे सामने आकर शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे और सचिव, विधान सभा की मेज पर रखी सदस्य नामावली पर अपने हस्ताक्षर करेंगे, जो माननीय सदस्य नाम पुकारे जाने पर अनुपस्थिति के कारण शपथ नहीं ले सकेंगे, वे अंत में पुनः नाम पुकारे जाने पर वैसा कर सकेंगे ।

सदस्यों ने निम्नलिखित क्रम में शपथ/प्रतिज्ञान लिया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर कर सभा में अपना स्थान ग्रहण किया :-

**मुख्यमंत्री**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ.रमन सिंह | 75-राजनांदगांव |

**नेता प्रतिपक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| 2. | श्री रविन्द्र चौबे | 68-साजा |

**मंत्रिमंडल के सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 3. | श्री ननकीराम कंवर | 20-रामपुर (अ.ज.जा.) |
| 4. | श्री बृजमोहन अग्रवाल | 51-रायपुर नगर दक्षिण |
| 5. | श्री रामविचार नेताम | 07-रामानुजगंज (अ.ज.जा.) |
| 6. | श्री पुन्नूलाल मोहले | 27-मुंगेली (अ.जा.) |
| 7. | श्री चंद्रशेखर साहू "चम्पू" | 53-अभनपुर |
| 8. | श्री अमर अग्रवाल | 30-बिलासपुर |
| 9. | श्री हेमचंद यादव | 64-दुर्ग शहर |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | श्री विक्रम उसेंडी | 79-अंतागढ़ (अ.ज.जा.) |
| 11. | श्री राजेश मूणत | 49-रायपुर नगर पश्चिम |
| 12. | श्री केदारनाथ कश्यप | 84-नारायणपुर (अ.ज.जा.) |
| 13. | सुश्री लता उसेंडी | 83-कोंडागांव (अ.ज.जा.) |

**संसदीय सचिव**

| | | |
|---|---|---|
| 14. | डॉ. सियाराम साहू | 72-कवर्धा |
| 15. | श्री कोमल जंघेल | 73-खैरागढ़ |
| 16. | श्री भईयालाल राजवाड़े | 03-बैकुण्ठपुर |
| 17. | श्री भरत साय | 13-कुनकुरी (अ.ज.जा.) |
| 18. | श्री ओमप्रकाश राठिया | 19-धर्मजयगढ़ (अ.ज.जा.) |
| 19. | श्री विजय बघेल | 62-पाटन |
| 20. | श्री सिद्धनाथ पैकरा | 08-सामरी (अ.ज.जा.) |
| 21. | श्री महेश गागड़ा | 89-बीजापुर (अ.ज.जा.) |
| 22. | श्री युद्धवीर सिंह जूदेव | 36-चंद्रपुर |

**सभापति तालिका के सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 23. | श्री बद्रीधर दीवान | 31-बेलतरा |
| 24. | श्री धर्मजीत सिंह | 26-लोरमी |
| 25. | श्री नारायण चंदेल | 34-जांजगीर-चांपा |
| 26. | डा.शक्राजीत नायक | 16-रायगढ़ |

**सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 27. | श्री फूलचन्द सिंह | 01-भरतपुर-सोनहट (अ.ज.जा.) |
| 28. | श्री दीपक कुमार पटेल | 02-मनेन्द्रगढ़ |
| 29. | श्रीमती रेणुका सिंह | 04-प्रेमनगर |
| 30. | श्री रविशंकर त्रिपाठी | 05-भटगांव |
| 31. | डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम | 06-प्रतापपुर (अ.ज.जा.) |
| 32. | श्री रामदेव राम | 09-लुण्ड्रा (अ.ज.जा.) |

| | | |
|---|---|---|
| 33. | श्री टी.एस.बाबा | 10-अम्बिकापुर |
| 34. | श्री अमरजीत भगत | 11-सीतापुर (अ.ज.जा.) |
| 35. | श्री जगेश्वर राम भगत | 12-जशपुर (अ.ज.जा.) |
| 36. | श्री रामपुकार सिंह | 14-पत्थलगांव (अ.ज.जा.) |
| 37. | श्री ह्दय राम राठिया | 15-लैलूंगा (अ.ज.जा.) |
| 38. | श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर | 17-सारंगढ़ (अ.जा.) |
| 39. | श्री नंदकुमार पटेल | 18-खरसिया |
| 40. | श्री जयसिंह भैया | 21-कोरबा |
| 41. | श्री रामदयाल उइके | 23-पाली-तानाखार (अ.ज.जा.) |
| 42. | श्री अजीत जोगी | 24-मरवाही (अ.ज.जा.) |

(माननीय सदस्य श्री अजीत जोगी को उनके आसन पर ही शपथ लेने की अनुमति प्रदान की गई, सचिव विधान सभा ने शपथ पत्र एवं सदस्य नामावली हस्ताक्षर हेतु उनके आसन पर ही उपलब्ध कराई ।)

| | | |
|---|---|---|
| 43. | डॉ.रेणु जोगी | 25-कोटा |
| 44. | श्री राजू सिंह ठाकुर | 28-तखतपुर |
| 45. | श्री धरम लाल कौशिक | 29-बिल्हा |
| 46. | डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी | 32-मस्तूरी (अ.जा.) |
| 47. | श्री सौरभ सिंह | 33-अकलतरा |
| 48. | श्रीमती सरोजा मनहरण राठौर | 35-सक्ती |
| 49. | महंत रामसुंदर दास | 37-जैजैपुर |
| 50. | श्री दूजराम बौद्ध | 38-पामगढ़ (अ.जा.) |
| 51. | डॉ.हरिदास भारद्वाज | 39-सराईपाली (अ.जा.) |
| 52. | श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह | 40-बसना |
| 53. | श्री परेश बागबाहरा | 41-खल्लारी |
| 54. | श्री अग्नि चंद्राकर | 42-महासमुंद |
| 55. | डॉ.शिवकुमार डहरिया | 43-बिलाईगढ़ (अ.जा.) |
| 56. | श्रीमती लक्ष्मी बघेल | 45-बलौदाबाजार |
| 57. | श्री राजकमल सिंघानिया | 44-कसडोल |
| 58. | श्री चैतराम साहू | 46-भाटापारा |
| 59. | श्री देवजी भाई पटेल | 47-धरसींवा |

| | | |
|---|---|---|
| 60. | श्री नंदकुमार साहू | 48-रायपुर ग्रामीण |
| 61. | श्री कुलदीप सिंह जुनेजा | 50-रायपुर नगर उत्तर |
| 62. | गुरू रूद्र कुमार | 52-आरंग (अ.जा.) |
| 63. | श्री अमितेश शुक्ल | 54-राजिम |
| 64. | श्री डमरू धर पुजारी | 55-बिन्द्रानवागढ़ (अ.ज.जा.) |
| 65. | श्रीमती अंबिका मरकाम | 56-सिहावा (अ.ज.जा.) |
| 66. | श्री लेखराम साहू | 57-कुरूद |
| 67. | श्री गुरूमुख सिंह होरा | 58-धमतरी |
| 68. | श्री मदन लाल साहू | 59-संजारी बालोद |
| 69. | श्रीमती नीलिमा सिंह टेकाम | 60-डोंडी लोहारा (अ.ज.जा.) |
| 70. | श्री विरेन्द्र कुमार साहू | 61-गुण्डरदेही |
| 71. | श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर | 63-दुर्ग ग्रामीण |
| 72. | श्री बदरूद्दीन कुरैशी | 65-भिलाई नगर |
| 73. | सुश्री सरोज पाण्डेय | 66-वैशाली नगर |
| 74. | श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा | 67-अहिवारा (अ.जा.) |
| 75. | श्री ताम्रध्वज साहू | 69-बेमेतरा |
| 76. | श्री दयालदास बघेल | 70-नवागढ़ (अ.जा.) |
| 77. | श्री अकबर भाई | 71-पंडरिया |
| 78. | श्री रामजी भारती | 74-डोंगरगढ़ (अ.जा.) |
| 79. | श्री खेदूराम साहू | 76-डोगरगांव |
| 80. | श्री भोलाराम साहू | 77-खुज्जी |
| 81. | श्री शिवराज सिंह उसारे | 78-मोहला-मानपुर (अ.ज.जा.) |
| 82. | श्री ब्रम्हानंद | 80-भानुप्रतापपुर (अ.ज.जा.) |
| 83. | श्रीमती सुमीत्रा मारकोले | 81-कांकेर (अ.ज.जा.) |
| 84. | श्री सेवकराम नेताम | 82-केशकाल (अ.ज.जा.) |
| 85. | डॉ.सुभाऊ कश्यप | 85-बस्तर (अ.ज.जा.) |
| 86. | श्री संतोष बाफना | 86-जगदलपुर |
| 87. | श्री बैदूराम कश्यप | 87-चित्रकोट (अ.ज.जा.) |
| 88. | श्री भीमा मण्डावी | 88-दन्तेवाड़ा (अ.ज.जा.) |
| 89. | श्री लखमा कवासी | 90- कोन्टा (अ.ज.जा.) |

## 6. अध्यक्ष का निर्वाचन

मुख्यमंत्री (डॉ.रमन सिंह) द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया - **"श्री धरम लाल कौशिक, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाए ।"**

श्री रविन्द्र चौबे, प्रतिपक्ष दल के नेता द्वारा प्रस्ताव का समर्थन किया गया ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

सामयिक अध्यक्ष द्वारा श्री धरम लाल कौशिक को इस विधान सभा का विधिवत् निर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया तथा उनके विधान सभा के अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर बधाई दी गई ।

(मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह एवं भा.रा.कां. विधायक दल के नेता श्री रविन्द्र चौबे नवनिर्वाचित अध्यक्ष को ससम्मान आसंदी तक ले गये ।)

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरमलाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)**

नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष ने इस अवसर पर सदन का आभार प्रकट करते हुए उद्गार प्रकट किए ।

मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, कांग्रेस विधायक दल के नेता श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, तथा बहुजन समाज पार्टी के सदस्य श्री सौरभ सिंह ने भी इस अवसर पर अध्यक्ष को बधाई दी तथा उद्गार प्रकट किए ।

## 7. मुख्य प्रतिपक्ष दल तथा नेता प्रतिपक्ष की घोषणा

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्न घोषणा की गई :-

"तृतीय विधान सभा में प्रतिपक्ष दलों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों की संख्या सबसे अधिक है तथा गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्यों की संख्या में है इसलिए मैं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को सदन का मुख्य विपक्षी दल और उसके नेता श्री रविन्द्र चौबे को नेता, प्रतिपक्ष घोषित करता हूँ ।"

## 8. नाम-निर्देशित समितियों का गठन

अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि - विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 203(1) एवं 232(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं निम्नलिखित समितियों के लिए सदस्यों को वर्ष 2009-2010 की अवधि में सेवा करने के लिये तथा नियमावली के नियम 180 के उप नियम (1) के अधीन समिति में उनके सभापति को नियुक्त करता हूँ :-

### कार्यमंत्रणा समिति

1. डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री
2. श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री
3. श्री ननकीराम कंवर, गृह मंत्री
4. श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री
5. श्री रविन्द्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष, विधान सभा
6. श्री नन्दकुमार पटेल
7. श्री अकबर भाई
8. श्री धर्मजीत सिंह

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

1. श्री चन्द्रशेखर साहू, कृषि मंत्री
2. श्री अमर अग्रवाल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
3. श्री रामविचार नेताम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
4. डॉ.हरिदास भारद्वाज
5. श्री रामपुकार सिंह
6. श्री बोधराम कंवर

अध्यक्ष, विधान सभा उक्त समिति के पदेन सभापति होंगे ।

### सदस्य सुविधा एवं सम्मान समिति

1. डॉ.सुभाऊ कश्यप
2. श्री दयालदास बघेल
3. श्रीमती रेणुका सिंह

4. श्री विरेन्द्र कुमार साहू
5. श्री नंदकुमार साहू
6. डॉ.शक्राजीत नायक
7 डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम
8. डॉ.शिवकुमार डहरिया
9. श्री रामदयाल उइके

डॉ.सुभाऊ कश्यप, सदस्य को इस समिति का सभापति नियुक्त किया गया ।

## 9. सदन को सूचना

अध्यक्ष महोदय ने सदन का सूचित किया कि- जिन माननीय सदस्यों ने परिचय-पत्र हेतु फोटो नहीं खिंचवाया है तथा वेतन-भत्ते हेतु आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति नहीं की है, उनसे अनुरोध है कि कृपया वे समिति कक्ष क्रमांक 1 में उपस्थित होकर आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति करने का कष्ट करें । साथ ही विधान सभा चिकित्सालय में ब्लड ग्रुप की जांच हेतु ब्लड टेस्ट भी कराने का कष्ट करें ।

माननीय सदस्यों के लिए दोपहर भोज की व्यवस्था सदस्य लॉबी स्थित भोजन कक्ष में व पत्रकारों के लिए प्रथम तल पर माननीय मुख्यमंत्री जी की ओर से है । आप सभी सादर आमंत्रित हैं ।

(1.51 से 3.00 बजे तक अंतराल)

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)**

## 10. महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार महामहिम राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई ।

महामहिम राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ ।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई ।)

महामहिम राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

महामहिम राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)**

सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

## 11. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री नारायण चंदेल, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि "महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

श्री देवजी भाई पटेल, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए शुक्रवार, दिनाँक 9 जनवरी 2009 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनाँक 6 जनवरी, 2009 के अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

## 12. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि- कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 5 जनवरी, 2009 को संपन्न हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि शुक्रवार, दिनांक 9 जनवरी, 2009 को भोजन अवकाश नहीं होगा एवं समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि सत्र की बैठक पुनः सोमवार, दिनांक 2 फरवरी, 2009 से रखी जावे ।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

**अपराह्न 3.51 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनाँक 9 जनवरी, 2009 (पौष 19, शक संवत् 1930) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।**

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा